उत्तर मध्य रेलवे
कार्य अध्ययन प्रकोष्ठ
कार्य अध्ययन रिपोर्ट

आगरा मंडल के मेडिकल विभाग में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ,उ.म.रे. आगरा के अधीनस्थ कार्यरत सहायक हाउस कीपिंग एवं सहायक मलेरिया खलासी (सफाई वाला) कैटेगरी के कार्य की समीक्षा

कार्य अध्ययन सं.– म.प्र. / उ.म.रे. / का.अ. / 011 / 19–20

**मार्गदर्शन एवं निर्देशन**

श्री अमिताभ ओझा
वरिष्ठ उप. महाप्रबंधक

व

श्री अन्शू पाण्डेय
उप महाप्रबंधक / सामान्य

एवं

**सहयोग**

श्री संतोष बाजपेयी
कार्य अध्ययन अधिकारी

**सम्पादित**

मनोज कुमार श्रीवास्तव
मुख्य कार्य अध्ययन निरीक्षक

# अनुक्रमणिका


| क्रम संख्या | विवरण | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | अधिशासकीय सार | 2 |
| 2. | आभार एवं संस्तुति सारांश | 3 |
| 3. | **अध्याय– प्रथम**<br>प्रस्तावना एवं संदर्भित सीमायें | 4 |
| 4. | **अध्याय– द्वितीय**<br>कर्मचारी संख्या एवं कार्य का विवरण | 5–11 |
| 5. | **अध्याय–तृतीय**<br>वित्तीय परिणाम एवं संस्तुति | 12 |

# <u>अधिशासकीय सार</u>

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य अध्ययन का नाम | आगरा मंडल के मेडिकल विभाग में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, ,उमरे आगरा के अधीनस्थ कार्यरत सहायक हाउस कीपिंग एवं सहायक मलेरिया खलासी (सफाई वाला) कैटेगरी के कार्य की समीक्षा |
| 2. | कर्मचारी की श्रेणी | ग्रुप डी सहायक हाउस कीपिंग एवं सहायक मलेरिया खलासी (सफाई वाला) |
| 3. | विभाग का नाम | मेडिकल विभाग |
| 4. | कार्य अध्ययन वर्ष | 2019—20 |
| 5. | प्रारम्भ की तिथि | 06.8.2019 |
| 6. | पूर्ण होने की तिथि | 27.9.2019 |
| 7. | स्वीकृत पदों की संख्या | 174 |
| 8. | कार्यरत कर्मचारियों की संख्या | 124 |
| 9. | अभ्यर्पण हेतु प्रस्तावित पद | 78 |
| 10. | वित्तीय बचत | **Rs. 3,92,59,584/-**<br>(तीन करोड़ बानबे लाख उन्सठ हजार पांच सौ चौरासी मात्र ) |

## आभार

कार्याध्ययन दल, श्री जे.पी उपाध्याय, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, उमरे, आगरा मंडल का गहन आभारी है जिन्होने इस कार्याध्ययन में अपना बहुमूल्य समय एवं मार्गदर्शन प्रदान किया है। साथ ही साथ कार्य अध्ययन दल डा. नुपुर अति.मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, उमरे/आगरा एवं श्री जनक सिंह, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक/आगरा छावनी, श्री डी.एस.पिप्पल मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक/मथुरा जं/बाद, श्री कर्मवीर सिंह, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक/ईदगाह/अछनेरा श्री महेश मीना, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक/एईबी एवं श्रीमती कंचन ग्रोवर, मैट्रन/मंडल चिकित्सालय, आगरा का विशेष आभारी है जिन्होने इस कार्य अध्ययन हेतु महत्वपूर्ण सूचनायें उपलब्ध कराने में अपना बहुमूल्य समय एवं समुचित सहयोग प्रदान किया है।

## संस्तुति सारांश

कार्य अध्ययन में पाया गया कि आगरा मंडल के चिकित्सा विभाग में कार्यरत सफाई वाले संवर्ग का कार्य मंडल रेलवे चिकित्सालय आगरा में आउट सोर्सिंग/कान्ट्रैक्ट के माध्यम से करवाये जा रहे है तथा चिकित्सा विभाग के अन्य यूनिटो में सफाई का कार्य रेलवे कर्मियो से करवायें जा रहे है। आगरा मंडल के अन्य विभागो में सफाई वाले का कार्य आउडसोर्सिंग/कान्ट्रैक्ट के द्वारा कराये जा रहे है। आगरा मंडल के चिकित्सा विभाग के अधीन ग्रुप डी सहायक हाउस कीपिंग एवं सहायक मलेरिया खलासी (सफाई वाला) संवर्ग के लिये 174 पद स्वीकृत है, जबकि 124 कर्मचारी कार्यरत है। कार्य अध्ययन दल द्वारा चिकित्सा विभाग के द्वारा आंबटित किये जाने वाले कार्यो का विश्लेषणात्मक अध्ययन सभी यूनिटो पर करने पर चिकित्सा विभाग के 78 पदो को अभ्यर्पित करने की संस्तुति करता है। इससे कुल बचत रु0 **Rs. 3,92,59, 584/-** होगी।

# अध्याय–प्रथम

## प्रस्तावना एवं संदर्भित सीमायें

भारतीय रेलवे में आउटसोर्सिंग का समावेश होने से कई प्रकार के कार्यों को सम्पादित करने में तथा मैन पावर की कमी से निपटने में सरलता हुई है। रेलवे में सफाई से संबंधित अधिकाधिक कार्य अब आउटसोर्सिंग के माध्यम से कराये जा रहे हैं। इस प्रकार इस कार्य हेतु रेलवे कर्मचारियों की आवश्यकता की संख्या पहले से बहुत कम हो गयी है। अतएव कार्य संवर्धन के साथ–साथ कर्मचारी लागत पर भी विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए, जिससे रेल की कार्यक्षमता को बढाया जा सके।

वरिष्ठ उप महाप्रबंधक महोदय के निर्देश पर कार्य अध्ययन प्रकोष्ठ द्वारा " आगरा मण्डल के मेडिकल विभाग में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, उमरे, आगरा मंडल के अधीनस्थ कार्यरत सहायक हाउस कीपिंग एवं सहायक मलेरिया खलासी (सफाई वाला) के कैटेगरी के कार्य की समीक्षा" विषय को कार्य अध्ययन हेतु चुना गया। यह कार्य अध्ययन वरिष्ठ उप महाप्रबंधक महोदय द्वारा वर्ष 2019–20 के लिए अनुमोदित कार्य अध्ययन सूची से उद्धृत है।

वर्णित कार्य अध्ययन मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, उमरे, आगरा मंडल के प्रशासनिक नियंत्रण में निहित है।

## अध्याय–द्वितीय

## कर्मचारी संख्या एवं कार्य का विवरण

**2.1** कर्मचारी संख्याः– मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, उमरे, आगरा मंडल के अधीनस्थ अलग– अलग स्टेशनो पर कार्यरत कैटेगरी सफाई वाले के स्वीकृत एवं वास्तविक पद संख्या का विवरण निम्नवत है :–

| क्र. सं. | स्टेशन | पदनाम | वेतनमान | स्वीकृत सं0 | कार्यरत सं0 | रिक्त पद |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आगरा कैन्ट कालोनी | स.हा.की. (सफाई वाला)<br>स.म.ख.(सफाई वाला) | GP-1800 (Level-I)<br>GP-1800 (Level-I) | 66<br>05 | 49<br>05+01 | 16 |
| 2. | ईदगाह कालोनी | स.हा.की. (सफाई वाला)<br>स.म.ख.(सफाई वाला) | GP-1800 (Level-I)<br>GP-1800 (Level-I) | 21<br>03 | 14<br>NIL | 17<br>03 |
| 3. | जमुना ब्रिज/एईबी,कालोनी | स.हा.की. (सफाई वाला)<br>स.म.ख.(सफाई वाला) | GP-1800 (Level-I)<br>GP-1800 (Level-I) | 19<br>01 | 08<br>01 | 11<br>NIL |
| 4. | बाद कालोनी | स.हा.की. (सफाई वाला) | GP-1800 (Level-I) | 10<br>...... | 09<br>.... | 01<br>— |
| 5. | मथुरा जक्शन कालोनी | स.हा.की. (सफाई वाला)<br>स.म.ख.(सफाई वाला) | GP-1800 (Level-I)<br>GP-1800 (Level-I) | 27<br>02 | 18<br>02 | 09<br>NIL |
| 6. | अछनेरा कालोनी | स.हा.की. (सफाई वाला)<br>स.म.ख.(सफाई वाला) | GP-1800 (Level-I)<br>GP-1800 (Level-I) | 08<br>01 | 07<br>NIL | 01<br>01 |
| 7. | मं.रे.चिकिल्यालय, आगरा कैन्ट | स.हा.की. (सफाई वाला) | GP-1800 (Level-I) | 11 | 10 | 01 |
| | | | कुल | 174 | 124 | 60 |

**2.2** कर्मचारी संख्याः– मुख्य चिकित्सा अधीक्षंक, उमरे, आगरा मंडल के अधीनस्थ अलग– अलग स्टेशनो पर कार्यरत कैटेगरी सफाई वाले के स्वीकृत एवं वास्तविक पद संख्या का विवरण निम्नवत है :–

### 2.2.1 आगरा कैन्ट कालोनी

| क्र. सं0. | पदनाम | वेतनमान | स्वीकृत सं0 | कार्यरत सं0 | रिक्त पद |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सहायक हाउस कीपिंग (सफाई वाला) | 5200-20200 GP-1800 (Level-I) | 66 | 49 | 17 |
| 2. | सहायक मलेरिया खलासी (सफाई वाला) | 5200-20200 GP-1800 (Level-I) | 05 | 5+1 | –1 |
| | | कुल | 71 | 55 | 16 |

**कार्य का विवरणः–** कार्य अध्ययन में ज्ञात हुआ कि आगरा मण्डल के चिकित्सा विभाग में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, उमरे, आगरा के अधीनस्थ आगरा छावनी कालोनी के अधीन कार्यरत सफाई वाला कैटेगरी में कार्यरत सफाई वाले के एएचके 66 पद एवं एएमके के 05 पद स्वीकृत हैं। इनमें एएचके GP-1800 के पद पर 49 एवं एएमके GP-1800 के पद पर 06 कर्मचारी कार्यरत है। आगरा छावनी में सफाई वाले के पद पर कार्यरत 55 कर्मचारियों में से 06 कर्मचारी रि–इंगेज किये गये है एवं एक कर्मचारी सेवा निवृत्त हो चुकी है। इस प्रकार बाकी 54 कर्मचारियों से जो कार्य कराये जा रहे है उनमें से 21 ऐसे कर्मचारी है जिनसे डियूटी रोस्टर के हिसाब से कार्यो का आबंटन सही ढंग से नहीं करते हुये अलग ढंग से कर्मचारियो से कार्य लिये जा रहे है जैसेः–

1. एक ही तरह के कार्य आबंटित 11 कर्मचारियों में से एक कर्मचारी से 20 आवासो एवं दूसरे कर्मचारी से 27 आवासो की सफाई का कार्य कराये जा रहे हैं बाकी 08 अन्य सफाई कर्मचारियो से मात्र से मात्र 04 से 08 क्वार्टरो की सफाई कालोनी में कराई जा रही है। यह कार्य 11 कर्मचारियों के स्थान पर मात्र 06 कर्मचारियों के माध्यम से भी सम्पन्न कराया जा सकता है। इस प्रकार आगरा छावनी में कार्यरत 05 पदो को अभ्यर्पण हेतु प्रस्तावित किया जाना उचित प्रतीत होता है।

2. एक कर्मचारी से रेलवे आवास सं. सीटी–1021 से 1024 कम्युनिटी हाल तक एवं एक अन्य कर्मचारी से आईओ डब्लू कार्यालय से कम्यूनिटी हाल तक पुनः उसी स्थान पर कार्य कराये जा रहे है जो उचित प्रतीत नहीं होता है। यह दोनो ही कार्य दो कर्मचारी के स्थान पर एक ही कर्मचारी के माध्यम से कराये जा सकते है।

3. चार कर्मचारियों को खुले नाले पर सफाई कार्य हेतु लगाया गया है। जबकि यह कार्य 02 कर्मचारियों के माध्यम से भी डियूटी रोस्टर के अनुसार सम्पन्न कराये जा सकते है।

4. दो कर्मचारियों में से एक कर्मचारी से तिकोनिया से एईएन आवास तक एवं दूसरे कर्मचारी से तिकोनिया मन्दिर से डीएस नायक आवास तक इन दोनो ही स्थानो पर सफाई का कार्य एक ही कर्मचारी से कराया जा सकता है।

5. उपरोक्त के अनुसार कार्य अध्ययन दल के द्वारा सफाई कर्मचारियों के आबंटित कार्यो को देखने यह संज्ञान में आया है कि सफाई कर्मचारियों के कार्यो का आबंटन ठीक प्रकार से नहीं हुआ है। यदि सुधार किया जाये तो इसे 71 पद के स्थान पर 46 कर्मचारियों से यह कार्य करवाया जा सकता है। अतः कार्य अध्ययन दल के द्वारा कार्यो के आबंटन के अनुसार आगरा छावनी में 25 पदो को अभ्यर्पण हेतु प्रस्तावित किया जाना उचित होगा।

2.2.2 <u>ईदगाह कालोनी</u>

| क. सं0. | पदनाम | वेतनमान | स्वीकृत सं0 | कार्यरत सं0 | रिक्त पद |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सहायक हाउस कीपिंग (सफाई वाला) | 5200-20200 GP-1800 (Level-I) | 21 | 14 | 07 |
| 2. | सहायक मलेरिया खलासी (सफाई वाला) | 5200-20200 GP-1800 (Level-I) | 03 | निल | 03 |
| | | **कुल** | 24 | 14 | 10 |

**<u>कार्य का विवरण</u>:—** कार्य अध्ययन में यह ज्ञात हुआ कि आगरा मण्डल के चिकित्सा विभाग में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, उमरे, आगरा के अधीनस्थ ईदगाह कालोनी में कार्यरत सफाई वाला कैटेगरी में कार्यरत सफाई वाले के एएचके 21 पद एवं एएमके के 03 पद स्वीकृत हैं। इनमें एएचके GP-1800 के पद पर 14 कर्मचारी कार्यरत है। प्रकार से इस कैटेगरी में आगरा मंडल के अधीन ईदगाह कालोनी में एएचके GP-1800 के पद पर 07 एवं एएमके GP-1800 के पद पर 03 (कुल रिक्त पद—10) चल रहे हैं।

ईदगाह में कार्यरत 14 कर्मचारियों में से दो कर्मचारियों से एक ही स्थान पर कार्य कराये जा रहे है, बाकी एक सफाई कर्मचारी से कार्यालय के कार्य कराये जा रहे है, जो डियूटी रोस्टर अनुसार कार्यो का आबंटन सही प्रतीत नहीं होता है। यदि इसमें सुधार किया जाये तो यह कार्य 24 सफाई कर्मचारियों के स्थान पर 12 कर्मचारियों से करवाया जा सकता है। अतः कार्यो का पुनः आबंटन कर 12 पदो को अभ्यर्पण हेतु प्रस्तावित किया जाना उचित होगा।

**2.2.3 जमुना ब्रिज (एईबी ) कालोनी**

| क. सं0. | पदनाम | वेतनमान | स्वीकृत सं0 | कार्यरत सं0 | रिक्त पद |
|---|---|---|---|---|---|

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सहायक हाउस कीपिंग (सफाई वाला) | 5200-20200 GP-1800 (Level-I) | 19 | 08 | 11 |
| 2. | सहायक मलेरिया खलासी (सफाई वाला) | 5200-20200 GP-1800 (Level-I) | 01 | 01 | निल |
| | | कुल | 20 | 09 | 11 |

**कार्य का विवरणः–** कार्य अध्ययन में ज्ञात हुआ कि आगरा मण्डल के चिकित्सा विभाग में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, उमरे, आगरा के अधीनस्थ जमुना ब्रिज कालोनी में कार्यरत सफाई वाला कैटेगरी में कार्यरत सफाई वाले के एएचके 19 पद एवं एएमके के 01 पद स्वीकृत हैं। इनमें एएचके GP-1800 के पद पर 08 कर्मचारी एएमके GP-1800 के पद पर 01 कर्मचारी कार्यरत है। अतः आगरा मंडल के जमुना ब्रिज कालोनी में सफाई का कार्यों का पुनः आबंटन कर, एएचके GP-1800 के 11 पदो को अभ्यर्पण हेतु प्रस्तावित किया जाना उचित होगा।

### 2.2.4 बाद कालोनी

| क्र. सं0. | पदनाम | वेतनमान | स्वीकृत सं0 | कार्यरत सं0 | रिक्त पद |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सहायक हाउस कीपिंग (सफाई वाला) | 5200-20200 GP-1800 (Level-I) | 10 | 09 | 01 |
| 2. | सहायक मलेरिया खलासी (सफाई वाला) | 5200-20200 GP-1800 (Level-I) | – | – | – |
| | | कुल | 10 | 09 | 01 |

**कार्य का विवरणः–** कार्य अध्ययन में ज्ञात हुआ कि आगरा मण्डल के चिकित्सा विभाग में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, उमरे, आगरा के अधीनस्थ बाद कालोनी में कार्यरत एएचके सफाई वाला GP-1800 कैटेगरी में कार्यरत सफाई वाले के एएचके 10 पद स्वीकृत हैं। इनमें 09 कर्मचारी कार्यरत है इस प्रकार से इस कैटेगरी में आगरा मंडल के बाद

कालोनी में एएचके GP-1800 के पद पर (कुल रिक्त पद–01) चल रहे हैं। कार्यरत 09 कर्मचारियों में से एक कर्मचारी से आफिस का कार्य लिया जा रहा है बाकी दो सफाई कर्मियों से एक ही स्थान पर कार्य कराये जा रहे है जो डियूटी रोस्टर के अनुसार उचित प्रतीत नहीं होता है। यह कार्य एक कर्मी से भी कराया जा सकता है। अतः आगरा मंडल के बाद कालोनी में सफाई का कार्यों का पुनः आबंटन कर, एएचके GP-1800 के 03 पदो को अभ्यर्पण हेतु प्रस्तावित किया जाना उचित होगा।

**2.2.5 मथुरा जंक्शन कालोनी**

| क्र. सं0. | पदनाम | वेतनमान | स्वीकृत सं0 | कार्यरत सं0 | रिक्त पद |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सहायक हाउस कीपिंग (सफाई वाला) | 5200-20200 GP-1800 (Level-I) | 27 | 18 | 09 |
| 2. | सहायक मलेरिया खलासी (सफाई वाला) | 5200-20200 GP-1800 (Level-I) | 02 | 02 | निल |
| | | कुल | 29 | 20 | 09 |

<u>**कार्य का विवरण**</u>:– कार्य अध्ययन में ज्ञात हुआ कि आगरा मण्डल के चिकित्सा विभाग में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, उमरे, आगरा के अधीनस्थ मथुरा जक्शंन के कालोनी में कार्यरत सफाई वाला कैटेगरी में कार्यरत सफाई वाले के एएचके 27 पद एवं एएमके के 02 पद स्वीकृत हैं। इस प्रकार से इस कैटेगरी में आगरा मंडल के अधीन मथुरा जंक्शन कालोनी में एएचके GP-1800 के (कुल रिक्त पद–09) चल रहे हैं। इनमें एएचके GP-1800 के पद पर 18 एवं एएमके के पद पर 02 कर्मचारी कार्यरत है। कार्यरत 18 कर्मचारियों में से तीन कर्मचारियों के कार्यो को डियूटी रोस्टर के अनुसार सही नहीं दर्शाया गया है। इसलिये मथुरा जंक्शन कालोनी में सफाई का कार्य 29
कर्मचारियों के स्थान 17 कर्मचारियों से करवाया जा सकता है। अतः आगरा मंडल के मथुरा जंक्शन में सफाई का कार्यों का पुनः आबंटन कर, एएचके GP-1800 के 12 पदो को अभ्यर्पण हेतु प्रस्तावित किया जाना उचित होगा।

## 2.2.6 अछनेरा कालोनी

| क्र. सं0. | पदनाम | वेतनमान | स्वीकृत सं0 | कार्यरत सं0 | रिक्त पद |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सहायक हाउस कीपिंग (सफाई वाला) | 5200-20200 GP-1800 (Level-I) | 08 | 07 | 01 |
| 2. | सहायक मलेरिया खलासी (सफाई वाला) | 5200-20200 GP-1800 (Level-I) | 01 | निल | 01 |
| | | कुल | 09 | 07 | 02 |

<u>कार्य का विवरणः</u>– कार्य अध्ययन में ज्ञात हुआ कि आगरा मण्डल के चिकित्सा विभाग में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, उमरे, आगरा, के अधीनस्थ अछनेरा कालोनी में कार्यरत सफाई वाला कैटेगरी में कार्यरत सफाई वाले के एएचके 08 पद एवं एएमके के 01 पद स्वीकृत हैं। इनमें एएचके GP-1800 के पद पर 07 कर्मचारी कार्यरत है। इस प्रकार से इस कैटेगरी में आगरा मंडल के अधीन अछनेरा कालोनी में एएचके GP-1800 के (कुल रिक्त पद–01) चल रहे हैं। कार्यरत 07 कर्मचारियों में से 03 कर्मचारियों के कार्यो को डियूटी रोस्टर के अनुसार आबंटन नहीं किया गया है। इसलिये अछनेरा कालोनी में सफाई का कार्य 09 कर्मचारियों के स्थान 5 कर्मचारियों से करवाया जा सकता है। अतः आगरा मंडल के अछनेरा कालोनी में सफाई का कायों का पुनः आबंटन कर, एएचके GP-1800 के 04 पदो को अभ्यर्पण हेतु प्रस्तावित किया जाना उचित होगा।

## 2.2.7. मंडल रेल चिकित्सालय (डीआरएच) आगरा कैन्ट

| क्र. सं0. | पदनाम | वेतनमान | स्वीकृत सं0 | कार्यरत सं0 | रिक्त पद |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सहायक हाउस कीपिंग (सफाई वाला) | 5200-20200 GP-1800 (Level-I) | 11 | 10 | 01 |
| | | कुल | 11 | 10 | 01 |

**कार्य का विवरण**:– कार्य अध्ययन में ज्ञात हुआ कि मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, उमरे, आगरा के अधीन मंडलीय रेलवे हास्पिटल, आगरा में कार्यरत सफाई वाले के एएचके 11 पद स्वीकृत हैं। इनमें एएचके GP-1800 के पद पर 10 कर्मचारी कार्यरत है। इस प्रकार से इस कैटेगरी में एएचके GP-1800 के (कुल रिक्त पद–01) चल रहे हैं। इन 10 कर्मचारियों में 6 शिफट के अनुसार रेलवे चिकित्सालस आगरा मंडल में कार्यरत, 01 चिकित्सालय के ओटी ,एक आगरा फोर्ट डिस्पेन्सरी, एक ईदगाह डिस्पेन्सरी एवं एक सफाई कर्मी मथुरा डिस्पेन्सरी में कार्यरत है। जबकि मंडलीय चिकित्सालय उमरे/आगरा में सफाई कार्य के बावत दिनाक 20.9.17 को 24 के लिये टेन्डर हुआ है। उसके बावजूद मंडल चिकित्सालय/आगरा में 07 कर्मी जो कमश कम्प्यूटर, लैब सफाई वाला, ओटी सफाई वाला, रेडियो, ओपीडी एण्ड सीओएस आफिस के अलावा दो कर्मचारियों का कार्य प्रशासनिक ब्लाक में आबंटित किया गया बताया गया है। अतः मंडलीय चिकित्सालय आगरा में सफाई का कार्य निष्पादित किये जाने के बावत आउट सोर्सिंग के माध्यम से ठेका पत्र सं. AGC/H/Hosp.Sanitation/Cont.18 दिनांक 20.9. 2017 के माध्यम से 24 माह के लिये हो चुका है। उक्त आउट सोर्सिंग को जारी रखने के लिये सीएमएस/आगरा के कार्यालय के द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। अतः मंडलीय चिकित्सालय आगरा में सफाई का कार्यों का पुनः आबंटन कर, एएचके GP-1800 के सभी 11 पदो को अभ्यर्पण हेतु प्रस्तावित किया जाना उचित होगा।

अभ्यर्पण हेतु प्रस्तावित पदो का विवरण स्टेशन के अनुसार निम्नवत है।

| क्र. सं. | स्टेशन | पदनाम | वेतनमान | स्वीकृत सं0 | कार्यरत सं0 | रिक्तियां | अभ्यर्पण हेतु प्रस्ताावित पद |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आगरा कैन्ट कालोनी | स.हा.की. (सफाई वाला)<br>स.म.ख.(सफाई वाला) | GP-1800 (Level-I)<br>GP-1800 (Level-I) | 66<br>05 | 49<br>05+01 | 16 | 25 |
| 2. | ईदगाह कालोनी | स.हा.की. (सफाई वाला)<br>स.म.ख.(सफाई वाला) | GP-1800 (Level-I)<br>GP-1800 (Level-I) | 21<br>03 | 14<br>NIL | 07<br>03 | 12 |
| 3. | जमुना ब्रिज/ एईबी,कालोनी | स.हा.की. (सफाई वाला)<br>स.म.ख.(सफाई वाला) | GP-1800 (Level-I)<br>GP-1800 (Level-I) | 19<br>01 | 08<br>01 | 11<br>NIL | 11 |
| 4. | बाद कालोनी | स.हा.की. (सफाई वाला) | GP-1800 (Level-I) | 10<br>...... | 09<br>..... | 01<br>— | 03 |
| 5. | मथुरा जक्शन कालोनी | स.हा.की. (सफाई वाला)<br>स.म.ख.(सफाई वाला) | GP-1800 (Level-I)<br>GP-1800 (Level-I) | 27<br>02 | 18<br>02 | 09<br>— | 12 |
| 6. | अछनेरा कालोनी | स.हा.की. (सफाई वाला)<br>स.म.ख.(सफाई वाला) | GP-1800 (Level-I)<br>GP-1800 (Level-I) | 08<br>01 | 07<br>NIL | 01<br>— | 04 |
| 7. | मं.रे.चिकित्यालय, आगरा कैन्ट | स.हा.की. (सफाई वाला) | GP-1800 (Level-I) | 11 | 10 | 01 | 11 आउट सोर्सिंग। |
| | कुल योग | | | 174 | 124 | 39 | 78 |

## अध्याय–तृतीय

3.0 इस कार्य अध्ययन में दी गयी संस्तुतियों के क्रियान्वयन के फलस्वरूप रेल राजस्व में होने वाली बचत के प्रति पद का आकलन निम्नवत् किया गया :–

| क. स. | पदनाम | वेतनमान | पद सं0 | औसत मासिक मूल्य प्रति पद (रु0 में) | कुल मासिक मूल्य (रु0 में) | वार्षिक आवर्ती बचत (रु0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सहायक हाउस कीपिंग एवं सहायक मलेरिया खलासी (सफाई वाला) | 5200-20200 GP-1800 (Level-I) | 78 | 41944 | 32,71,632/– | 3,92,59,584/- |
| | | | | | कुल | 3,92,59,584/- |
| (तीन करोड़ बानबे लाख उन्सठ हजार पांच सौ चौरासी मात्र) | | | | | | |

**4.संस्तुति :'–**

कार्य अध्ययन के दौरान ज्ञात हुआ कि आगरा मण्डल के मेडिकल विभाग में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, उमरे/आगरा के अधीनस्थ कार्यरत सफाई वाला कैटेगरी के संवर्ग के लिये कुल 174 पद स्वीकृत हैं, जबकि 124 कर्मचारी कार्यरत है, जिसमें मंडल चिकित्सालय/आगरा यूनिट में सफाई का कार्य आउट सोर्सिग/कान्ट्रैक्ट के माध्यम से कराये जा रहे है। अतः यहां के सभी पद एवं अन्य स्थानो के कार्यो का विष्लेषणात्मक अध्ययन करने पर ग्रुप डी सहायक हाउस कीपिंग एवं सहायक मलेरिया खलासी (सफाई वाला) संवर्ग के 78 पदो के अभ्यर्पित करने की संस्तुति करता है।